पत्रांक –3/लो०सू०–103/2023 सा०प्र० 16626 /

बिहार सरकार

<u>सामान्य प्रशासन विभाग</u>

प्रेषक,

एम० एस० अंसारी
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

महाप्रबंधक,
बिहार स्टेट ईलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड,
बेलट्रॉन भवन, शास्त्री नगर,
पटना–800023/

पटना–15, दिनांक 30.08.2023

विषयः– सामान्य प्रशासन विभाग का पत्र संख्या–13177 दिनांक–12.07.2023 की सम्पुष्टि के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक–8190/2023 दिनांक–21.08.2023 (अनुलग्नक सहित)

महाशय,

निदेशानुसार कहना है कि उपर्युक्त विषयक प्रसंगवर्णित पत्र द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग का पत्र संख्या–13177 दिनांक–12.07.2023 के प्रमाणिकता की सम्पुष्टि हेतु अनुरोध किया गया है।

उक्त से संबंधित सूचनावेदक श्री मो० आरिफ सैफी का सूचनावेदन दिनांक–07.06.2023 (आई०डी०सं०–22807/27.06.2023) के संदर्भ में सामान्य प्रशासन विभाग का पत्र संख्या–13177 दिनांक–12.07.2023 द्वारा सूचनावेदक को उपलब्ध करायी गयी सूचना को सम्पुष्ट करते हुए कहना है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष राजपत्र में प्रकाशन द्वारा राजकीय अवकाशों (N.I.Act के तहत, कार्यपालक आदेश के तहत् तथा प्रतिबंधित/ऐच्छिक अवकाश) की घोषणा की जाती है। प्रासंगिक राजकीय अवकाश बिहार सरकार में कार्यरत सभी कर्मियों यथा नियमित, संविदा नियोजित, बाह्य श्रोत से नियोजित, को अनुमान्य है।

विश्वासभाजन,

(एम० एस० अंसारी)
सरकार के अवर सचिव।

कार्यालय- प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना-सह-द्वितीय अपीलीय प्राधिकार

अंतिम आदेश

निर्गत संख्या- 21511-05123 दिनांक- 01.09.2023

अनन्य संख्या- 9999901281022341006/2A, दिनांक 08.08.2023, अपीलार्थी श्री संतोष कुमार, पता- श्री नगर मसौढ़ी, पटना, डाकघर- मसौढ़ी, प्रखंड- मसौढ़ी, अनुमंडल- मसौढ़ी, जिला- पटना, पिन- 804452 का द्वितीय अपील का आवेदन प्राप्त है। अपीलार्थी को दूरभाष एवं ईमेल के माध्यम से सुनवाई की तिथि की सूचना दी गयी। अपीलार्थी आज दिनांक- 01.09.2023 को सुनवाई के क्रम में अनुपस्थित है।

अपीलार्थी ने कार्यपालक सहायक/आई टी सहायक/ आई टी प्रबंधक को प्रतिबंधित अवकाश का लाभ नहीं दिये जाने के संबंध में अपील दायर किया है।

इस संबंध में सामान्य प्रशसन विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष राजपत्र में प्रकाशन द्वारा राजकीय अवकाशों (N.I. Act के तहत, कार्यपालक आदेश के तहत तथा प्रतिबंधित/ऐच्छिक अवकाश) की घोषणा की जाती है। प्रासंगीक राजकीय अवकाश बिहार सरकार में कार्यरत सभी कार्मीयों यथा नियमित संविदा नियोजित बाहय स्त्रोतो से नियोजित, कार्यपालक सहायक/आई टी सहायक/ आई टी प्रबंधक को अनुमान्य है। वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

Rajendra 1-9-2023

प्रधान सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना
-सह-द्वितीय अपीलीय प्राधिकार

प्रधान सचिव-सह-अपीलीय प्राधिकार
सामान्य प्रशासन विभाग,
बिहार, पटना

D:\gad\2 Appeal.docx